शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना को प्राप्त हुआ B++ ग्रेड

चर्चा में क्यों

12 जून, 2023 को मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सागर ज़िले के बीना के शासकीय कन्या महाविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर की संस्था नैक द्वारा प्रत्यायन में बेहतर सीजीपीए ''2.76'' के साथ **B++** ग्रेड प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार नैक के तृतीय चरण में महाविद्यालय ने सीमित संसाधनों के बावजूद दो पायदान की बढ़ोतरी दर्ज की।
- तहसील स्थित इस महाविद्यालय ने पूर्व में प्राप्त ठ ग्रेड से दो पायदान छलांग लगाई है। महाविद्यालय का पूर्व में 2.27 सीजीपीए के साथ'**B**'ग्रेड था।
- नैक द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष में 7 मापदंड के आधार पर महाविद्यालय की गुणवत्ता का परीक्षण कर 4 में से अंक दिये जाते हैं। महाविद्यालय को स्टूडेंट सपोर्ट एवं प्रोग्रेशन (छात्र प्रगति) में 2.61, करिकुलर एस्पेक्ट में 2.8, संस्थागत मूल्यों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज में 3 अंक दिये गए।
- महाविद्यालय की अधो-संरचना, मानवीय मूल्यों की शिक्षा एवं समाज विस्तार गतिविधियों की प्रशंसा की गई। गवर्नेंस, लीडरशिप एंड मैनेजमेंट क्राइटेरिया में 2.6, अधो-संरचना एवं शिक्षण सुविधाओं में 2.8, रिसर्च, एक्सटेंशन एंड इनोवेशन में 2.09 एवं टीचिंग, लर्निंग एंड इवेल्यूएशन क्राइटेरिया में 2.98 अंक प्राप्त हुए हैं।
- वर्ल्ड बैंक द्वारा महाविद्यालयों की सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ महाविद्यालय द्वारा की गई कड़ी मेहनत एवं राज्य-स्तरीय नैक प्रकोष्ठ के सतत् प्रयत्नों से बेहतर ''**B** ++'' ग्रेड प्राप्त किया है।
- **उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में 'नई शिक्षा नीति 2020' के लागू करने से महाविद्यालयों द्वारा शिक्षण प्रणाली में मूलभूत परिवर्तन कर छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित महिला महाविद्यालयों में भी लगातार प्रगति देखी जा रही है एवं महिलाओं की उच्च शिक्षा में सहभागिता निरंतर बढ़ रही है।**

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/government-girls-college-bina-got-b-grade